**बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज़ कॉरपोरेशन, लि०,**
"खाद्य भवन", दारोगा राय पथ, आर०ब्लॉक, रोड नं० 2, पटना 800001

## कार्यालय आदेश

"Appointment of Quality Controller on contract for Successful implementation of KMS 2017-18"

खरीफ विपणन वर्ष 2017-18 अन्तर्गत अधिप्राप्ति का कार्य 15 नवम्बर 2017 से प्रारंभ हो रहा है। राज्य स्तर पर राज्य खाद्य निगम अधिप्राप्ति कार्य के लिए नोडल एजेन्सी के रूप में नामित है। सी०एम०आर० अधिप्राप्ति में उसकी गुणवत्ता की जाँच हेतु बिहार राज्य खाद्य निगम में पर्याप्त संख्या में गुण नियंत्रक उपलब्ध नहीं है जिसके कारण खरीफ विपणन वर्ष 2017-18 में क्रय किये जाने वाले सी०एम०आर० की गुणवत्ता की जाँच में कठिनाई उत्पन्न होने की संभावना है। बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के पुनर्गठन के फलस्वरूप 101 गुण नियंत्रक एवं प्रबंधक,गुणवत्ता नियंत्रण का एक पद स्वीकृत है।

निगम मुख्यालय पत्रांक 9796 दिनांक 20.9.17 के द्वारा महाप्रबंधक(क्षेत्र), भारतीय खाद्य निगम से खरीफ विपणन वर्ष 2017-18 अन्तर्गत अधिप्राप्ति कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु 101(एक सौ एक) गुण नियंत्रक की सेवा राज्य खाद्य निगम में प्रतिनियुक्ति के आधार पर पदस्थापन हेतु अनुरोध किया गया है परन्तु भारतीय खाद्य निगम से गुण नियंत्रक की सेवा निगम को अब तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे अधिप्राप्ति कार्य में कठिनाई संभावित है।

खरीफ विपणन वर्ष 2017-18 अन्तर्गत अधिप्राप्ति कार्यक्रम 15 नवम्बर 17 से प्रारंभ हो रहा है।

निदेशक पर्षद की 150वीं बैठक मद सं० 150.12 में निगम प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। तदनुसार गुणवत्ता नियंत्रक स्वीकृत पद 101 एवं प्रबंधक, गुणवत्ता नियंत्रण के एक पद के विरूद्ध प्रतिनियुक्ति पर प्राप्त सेवा की संख्या छोड़कर भारतीय खाद्य निगम के सेवा निवृत गुण नियंत्रक(सेवा निवृति की तिथि को अंतिम वेतन(Pay+DA)-पेंशन या पुर्नगठन के फलस्वरूप क्रमशः गुण नियंत्रक/प्रबंधक,गुणवत्ता नियंत्रण को मूल कोटि वेतन के आधार पर प्रथम वेतन की परिलब्धि में जो कम होगा का एक मुश्त मानदेय/परिलब्धि अनुमान्य होगा)के आधार पर नियोजन संविदा पर कार्रवाई की जायेगी।

15/11/2017
प्रबंध निदेशक

ज्ञापांक3:02:173:01:16 11540 दिनांक- 15/11/17

प्रतिलिपि-सभी मुख्य महाप्रबंधक/महाप्रबंधक/उप महाप्रबंधक/प्रभारी गोपनीय शाखा,निगम मुख्यालय को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/11/2017
प्रबंध निदेशक

ज्ञापांक3:02:173:01:16 11540 दिनांक- 15/11/17

प्रतिलिपि-सचिव,खाद्य एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग,बिहार, पटना को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

15/11/2017
प्रबंध निदेशक